## नौएडा एसईजेड के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 01.07.2024 को होने वाली बैठक की कार्यसूची

मदसं01.पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्यवाही की समीक्षा |

मदसं02.जनवरी से मार्च, 2024 तिमाही कार्यालय के कामकाज में राजभाषा के प्रयोग में प्रगति की समीक्षा |

मदसं03.कार्यालय में हिंदी में काम करने में आ रही कठिनाईयों के बारे में विकास आयुक्त महोदय के साथ चर्चा की जा सकती है |

मदसं04.हिंदी तिमाही प्रेरणा पत्रिका के छठे संस्करण को जल्दी छपवाने पर चर्चा की जा सकती है |

मदसं05.हिंदी तिमाही रिपोर्ट अप्रैल से जून,2024 अनुभागों से समय पर हिंदी अनुभाग को जमा नहीं करने के सम्बन्ध में चर्चा कि जा सकती है |

मदसं06.अध्यक्ष महोदय की अनुमती से कोई अन्य विषय |

मदसं07.कार्यालय में प्रत्येक तिमाही में एक कार्यशाला और संगोष्ठी की जानी आवश्यक है, जिसके लिए राजभाषा विभाग द्वारा अंक प्रदान किये जाते है| जुलाई माह में एक कार्यशाला/संगोष्ठी करायी जा सकती है, जिसमे राजभाषा विभाग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या हिंदी के काम को कैसे आसान बनाया जाए राजभाषा विभाग से किसी अधिकारी को बुलाया जा सकता है| और हमारे कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को इसके बारे में जानकारी उपलब्ध करायी जा सकती है |

<u>मद संख्या 1 और 2 पर कार्यवाही रिपोर्ट:-</u>

कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 14.03.2024 को आयोजित की गई थी | पिछली तिमाही में कुछ अनुभागो के हिंदी कार्य का प्रतिशत: कम देखा गया था, बैठक में अन्य बातो के साथ यह निर्णय लिया गया था कि सभी अधिकारीगण अपने--अपने अनुभागों में हिंदी नोटिंग बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे | अपने–अपने अनुभागों से धारा 3(3) के अंतर्गत पत्रादि द्विभाषी जारी करेगें |

विकास आयुक्त महोदय द्वारा पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कार्यालय की वेबसाइट पर नई हिंदी शब्दावली आईटी अनुभाग से अपलोड करने के लिए कहा गया था और कार्यालय में जो हिंदी पत्रिका प्रेरणा छपवाई जा चुकी है उन्हें भी वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए कहा गया था, साथ ही राजभाषा विभाग के दो मोड्यूल लगाने के लिए कहा गया | जिसे आईटी विभाग द्वारा लगा दिया गया है जिसे देखा जा सकता है |

क) हिंदी राजभाषा और

ख) हिंदी शब्दावली

इस तिमाही अप्रैल से जून, 2024 में सुरक्षा अनुभाग, सम्पदा अनुभाग, परियोजना अनुभाग, ईओयू अनुभाग, मुरादाबाद एसईजेड़, जयपुर एसईजेड़ का हिंदी टिप्पण प्रतिशत कम देखा गया है। और सभी अनुभागो ने हिंदी में अच्छा काम किया है।

कार्यालय के सदस्यगण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अपने अपने अनुभागों में हिंदी के प्रयोग में आ रही कठिनाईयों और प्रगति के लिए किये जाने वाले उपायों पर विचार रख सकते है।